राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बागान कार्यक्रम

4542. **श्री कुम्भा राम आर्य : क्या** कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभिन्न राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के वृक्षारोपण कार्यक्रमों को अन्तिम रूप किन तारीखों को दिया गया;

(ख) 135.38 करोड़ वृक्ष लगाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये राज्यवार आबंटित कोटे का ब्यौरा क्या है;

(ग) पौधों के रख-रखाव के लिये क्या प्रबन्ध किये गये हैं और उस पर क्या व्यय किया जाना है;

(घ) इस बारे में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) वृक्षारोपण कार्यक्रमों को 24-8-81 को अन्तिम रूप दिया गया।

(ख) ब्यौरा संलग्न विवरण के स्तम्भ 3 में दिया गया है।

(ग) वृक्षारोपण करने वाली एजेंसियों को यह कहा गया है कि वे पौधों की भली भांति सुरक्षा करें तथा उनकी देख-भाल करें। इस प्रयोजन के लिये व्यय सम्बन्धित एजेंसियों द्वारा वहन किया जाना है।

(घ) जानकारी संलग्न विवरण के स्तम्भ 4 में दी गई है।

विवरण

1981-82 के दौरान राज्यवार वृक्षारोपण संबंधी लक्ष्यों/उपलब्धियों को दर्शाने वाला विवरण

क्रम संख्या	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	1981-82 लक्ष्य	उपलब्धि
1		2	3
1.	आन्ध्र प्रदेश	508.13	680.00
2.	असम	40.00	313.00
3.	बिहार	578.11	553.40
4.	गुजरात	1534.44	1494.10
5.	हरियाणा	624.85	600.00
6.	हिमाचलप्रदेश	454.77	277.00
7.	जम्मू और कश्मीर	135.00	80.00
8.	कर्नाटक	742.66	1414.00
9.	केरल	162.50	162.00
10.	मध्य प्रदेश	3550.00	2456.00
11.	महाराष्ट्र	701.13	874.00
12.	मणिपुर	59.60	63.29
13.	मेघालय	29.50	35.42
14.	नागालैण्ड	41.91	66.12
15.	उड़ीसा	529.95	607.41

1	2	3
16. पंजाब	220.00	373.00
17. राजस्थान	270.00	305.00
18. सिक्किम	56.00	36.00
19. तमिलनाडू	1183.34	817.00
20. त्रिपुरा	126.30	147.60
21. उत्तर प्रदेश	1209.00	1052.00
22. पश्चिम बंगाल	420.00	430.00
संघ शासित क्षेत्र		
1. अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	4.36	80.40
2. अरूणाचल प्रदेश	94.92	58.00
3. चण्डीगढ़	—	—
4. दादरा और नगर हवेली	9.39	9.51
5. दिल्ली	25.00	—
6. गोवा, दमन और द्वीप	12.89	—
7. मिजोरम	204.52	204.00
8. पाण्डिचेरी	—	—
अखिल भारतीय योग	13,538.27	13,188.25

सिधमुख परियोजना के बारे में हरियाणा और पंजाब के उत्तर

4543. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान सरकार द्वारा तैयार की गई सिधमुख परियोजना के बारे में केन्द्रीय सरकार द्वारा वर्ष 1979 में आयोजित गत बैठक में दिये गये सुझावों पर हरियाणा और पंजाब सरकार से क्या उत्तर प्राप्त हुए है,

(ख) उन उत्तरों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(ग) इस परियोजना को स्वीकृति कब तक मिल जायेगी ?

सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जियाउर्रहमान अन्सारी) : (क) से (ग). सिधमुख (तथा साथ ही नोहर) क्षेत्रों की सिंचाई के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति यह है कि 31 दिसम्बर, 1981 को पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान के मुख्य मंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित करार के पैरा (iv) के अनुसार, 15 जनवरी, 1982 को एक निर्णय किया गया है । इस निर्णय के अनुसार राजस्थान वर्तमान नहर प्रणाली में उचित आदान-प्रदान करके, प्रवाह द्वारा सिधमुख तथा नोहर क्षेत्रों की सिंचाई कर सकता है । निर्णय के आधार पर, परियोजना रिपोर्ट राजस्थान सरकार से अभी तक प्राप्त नहीं हुई है ।

गंगा-बीकानेर नहर की मरम्मत के सम्बन्ध में पंजाब और हरियाणा सरकार से प्राप्त उत्तर

4544. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गंगा नहर जिसे पंजाब में बीकानेर नहर के नाम से पुकारा जाता है, के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत के लिए केन्द्रीय जल बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा तकनीकी दृष्टि से इसके व्यावहारिक हल का उत्तर पंजाब और हरियाणा सरकारों से प्राप्त हो गया ; और